निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध

प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5

टेलि -020 :25614495, 25614366, 25514501 to 12 विस्तार. 495

# प्रेस विज्ञप्ति

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, महाराष्ट्र राज्य द्वारा क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**पुणे**, **अक्तूबर 28, 2021:** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), महाराष्ट्र राज्य के संयोजक बैंक ऑफ महाराष्ट्र और अग्रणी जिला प्रबंधक, पुणे की ओर से बालगंधर्व रंगमंदिर, पुणे में सार्वजनिक क्षेत्र के संबद्ध बैंकों के साथ 27 अक्तूबर, 2021 को एक क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग रु.142.63 करोड़ के ऋण मंजूर किए गए और 102 ग्राहकों को वितरित किए गए।

श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। समारोह को संबोधित करते हुए श्री विजयकुमार ने कहा कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। यह देश के सर्वांगीण आर्थिक विकास के प्रति ऋण संवर्धन की परिकल्पना करता है। उन्होंने देश की आर्थिक नीति के अनुरूप, उभरते हुए उद्यमियों को अधिक संख्या में ऋण मंजूर किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी बैंकों से महिला स्व-सहायता समूहों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की सभी योजनाएं आम आदमी के हित में हैं और इन्हें बहुत विचार पूर्वक तैयार किया गया है।

श्री राजेश सिंह, महाप्रबंधक और अंचल प्रबंधक, पुणे शहर अंचल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया। समारोह की प्रस्तावना श्री एम. ए. काबरा, महाप्रबंधक तथा संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर समिति, महाराष्ट्र राज्य द्वारा प्रस्तुत की गई।

इस कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बारह बैंकों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ-साथ शासकीय अधिकारी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में श्री अभिजीत पाटिल, मुख्य लेखा अधिकारी, जिला परिषद पुणे, बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक श्री एम. डी. कुलकर्णी, केनरा बैंक के महाप्रबंधक श्री सुबोध कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधक श्री श्रीकांत कारेगांवकर उपस्थित थे। श्री राजेश देशमुख, सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, महाराष्ट्र द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।




**चित्र परिचय::** श्री ए.बी. विजयकुमार, कार्यकारी निदेशक बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने युवा शक्ति फाउंडेशन के प्रतिनिधि को पंद्रह करोड़ का चेक सौंपा।

उनके दायीं ओर श्री एम ए काबरा, महाप्रबंधक और संयोजक, एसएलबीसी, महाराष्ट्र और श्री सुबोध कुमार, महाप्रबंधक, केनरा बैंक।

उनके बायीं ओर श्री राजेश सिंह, महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पुणे सिटी जोन, श्री आर डी देशमुख, उप महाप्रबंधक और सदस्य सचिव, एसएलबीसी, महाराष्ट्र और श्री सूर्यकांत सावंत, महाप्रबंधक, एमएसएमई, बैंक ऑफ महाराष्ट्र